हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

10 चार राज्यों में कांग्रेस ने आप से किया धोखा, तभी जीती भाजपा



10 सफलता के लिए लगन व कड़ी मेहनत जरूरी



पूर्णतया स्वचालित रोबोटिक पद्धति द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण
डॉ प्रसून कामरा
MBBS, MS Orthopaedics
M.Ch. (USAIM)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सबसे अधिक जोड़ प्रत्यारोपण का अनुभव
न्यूनतम चीरा
तेजी से रिकवरी
बेहतर सफलता दर
कम दवा का सेवन
उच्च सटीकता
TPA, INSURANCE
कार्ड धारकों के लिए कैशलैस सुविधा।
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
सर्वेश हेल्थ सिटी में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए
हृदय रोगियों में छल्ले डालना (स्टेंट), बाईपास सर्जरी व जोड़ प्रत्यारोपण और किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस की कैशलैस सुविधा उपलब्ध
हृदय रोग विशेषज्ञों की अनुभवी टीम
डॉ अभिषेक गुप्ता
MBBS, MD, DM (Cardiology)
हृदय रोग विशेषज्ञ
3000 से अधिक (Procedures)
डॉ कपिल मिनोचा
MBBS, MS, MCH (CTVS)
कार्डियोथोरेसिक व वैसकुलर सर्जन
2000 से अधिक सफल ऑप्रेशन का अनुभव
डॉ दीपशिखा मेनन
MD, FNB,
(Cardiac Anaesthesia) FIACTA
कार्डियक एनेस्थिसिया विशेषज्ञा
सर्वेश हेल्थ सिटी
कारुण्येन सह विरोपय
सर्वेश हेल्थ सिटी, सेक्टर-14,
सिविल अस्पताल के सामने, हिसार-125001
हेल्पलाइन नंबर: 6901 62 62 62
एमरजेंसी : 6901 63 63 63

## खबर संक्षेप

### दुकान के ताले तोड़कर नकदी व सामान चुराया

**सिरसा।** गांव खैरेकां में दुकान के ताले तोड़कर चोर नकदी व सामान चोरी कर ले। दुकान मालिक की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहित ने बताया कि वह गांव में पेस्टिसाइड्स की दुकान संचालित करता है। वह 16 दिसंबर की सायं अपनी दुकान मंगल करके घर गया था।

### युवक 200 लीटर लाहन सहित काबू

**रानियां।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान ढाणी मोहर सिंह थेहड़ी क्षेत्र से एक युवक को 200 लीटर लाहन के साथ काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा के प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक हरजीत सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान ढाणी मोहर सिंह थेहड़ी क्षेत्र में मौजूद थी।

### डिस्ट्रिक्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक आज

**फतेहाबाद।** जिला में पीसी एंड पीएनडीटी की गतिविधियों की समीक्षा के लिए 19 दिसंबर को बाद दोपहर 3 बजे हुडा सैक्टर-3 स्थित पोली क्लीनिक में सीएमओ कार्यालय में जिला एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला में प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग जांच की रोकथाम, संदिग्धों पर छापामार कार्रवाई तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने संबंधी कार्यवाही पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### चौ. देवीलाल की स्मृति में 2 से होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

**सिरसा।** देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में आगामी 2 जनवरी से कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। इसी कड़ी में जेजेपी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी को चौटाला हाउस में लांच किया। पार्टी प्रवक्ता नितिन टांडी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लाखों के नकद पुरस्कार के साथ-साथ अन्य कीमती पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला द्वारा आगामी 2 जनवरी को गांव रिसालियाखेड़ा किया जाएगा।

## जनवरी 2023 में भी किया था हमला, बॉक्सर गैंग के नाम पर मांगे पैसे

# बी-13 रेस्टोरेंट पर फिर फायरिंग कर बदमाशों ने मांगी 50 लाख की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना/फतेहाबाद

रेलवे रोड पर स्थित इटालियन मास्टर बी-13 रेस्टोरेंट पर बदमाशों द्वारा एक बार फिर फायरिंग करने से बाजार में हडकंप मच गया। रेस्टोरेंट मालिक के अनुसार उन्हें बॉक्सर गैंग के नाम से पहले फोन कर 50 लाख की फिरौती मांगी गई। फिरौती न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके कुछ देर बाद ही मोटरसाइकिल पर आए तीन युवकों ने रेस्टोरेंट के बाहर से फायरिंग कर दी। सूचना मिलते ही टोहाना पुलिस टीम डीएसपी के नेतृत्व में मौके पर पहुंच और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने भी मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और रेस्टोरेंट मालिक से जानकारी दी। इस घटना के बाद से टोहाना के व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारियों का कहना है कि अगर पुलिस समय रहते इन गुण्डा तत्वों पर कार्रवाई करती तो दोबारा यह स्थिति न आती। व्यापारियों ने जल्द ही सुरक्षा को लेकर बैठक कर ठोस फैसला लेने की बात कही है। टोहाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। टोहाना पुलिस को दी शिकायत में रेलवे रोड स्थित बी 13 रेस्टोरेंट के संचालक जगदीप सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम करीब सवा 7 बजे उसके पास फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह बॉक्सर गैंग से लखू बोल रहा है। कुछ माह पहले उन्होंने वारदात की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की, हमने 50 लाख मांगे थे, उसका क्या हुआ। अगर 50 लाख नहीं दोगे तो अकेले-अकेले आदमी की फील्डिंग सेट है, सबका टाइम नोट है, कोई नहीं बचेगा, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता।

जगदीप ने बताया कि उसने फोन करने वाले को अपने पार्टनर से बात करके बताने का कहा तो सामने वाले ने कहा कि जल्दी बताओ, हमें 50 लाख दो, हमारी इज्जत का सवाल है, जिसके बाद फोन कट गया। उसने बताया कि इतने में रेस्टोरेंट के बाहर बाइक पर आए 3 युवकों ने पिस्तौल से बोर्ड पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। फायरिंग के बाद बाद तीनों युवक रेलवे स्टेशन की तरफ फरार हो गए।



टोहाना। रेलवे रोड स्थित बी-13 रेस्टोरेंट।

### गोलीबारी से व्यापारियों में दहशत

बाजार में गोली चलने की आवाज सुनकर व्यापारियों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच और जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने जगदीप सिंह की शिकायत पर भादस की धारा 285, 34, 387, 506 व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जगदीप ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा कि बदमाश उन्हें सीधे-सीधे जान से मारने की धमकी दे गए हैं, ऐसे में उसे तुरंत सुरक्षा मुहैया करवाई जाए। व्यापारी नेता राजेंद्र ठकराल, संजय रेवड़ी, पार्षद जोनी मेहता पार्षद के अलावा प्रदेश के पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली के भाई विनोद बबली ने भी मौके पर पहुंचकर व्यापारी से बातचीत की। बता दें कि इससे पूर्व 6 जनवरी 2023 की रात को भी इसी रेस्टोरेंट में आए कुछ युवकों ने बोर्ड और बाहर लगे टफन ग्लास पर फायरिंग की थी। इससे पहले एक युवक ने रेस्टोरेंट में जाकर काउंटर पर बैठे शख्स को एक पर्ची थमाई थी, जिस पर बॉक्सर गैंग के नाम पर 50 लाख मांगे गए थे। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी का कहना है कि जनवरी में इस रेस्टोरेंट पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस 12 लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। अब हुई घटना में भी कुछ लीड मिली है, जिसको लेकर पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



टोहाना। रेस्टोरेंट मालिक से बातचीत करते एसपी आस्था मोदी।



### फांसी पर लटकी विवाहिता, ससुरालियों ने लगाया हत्या का आरोप

**भूना।** नेहरू पार्क के समीप 32 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों फांसी के फंदे पर झूलने से मौत हो गई है। महिला की मां ने अपनी बेटी के ससुरालजनों पर उसकी हत्या के आरोप लगाए हैं। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो विवाहिता को फंदे से नीचे उतारकर बैड पर लिटाया हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही सीन ऑफ क्राइम फतेहाबाद के इंचार्ज डॉ. जोगिंदर सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला के शव व फंदे से संबंधित कई पहलुओं की बारीकी से जांच की। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई गांव फुलां निवासी प्रद्युम की शिकायत पर मृतका के पति बंटी व एक अज्ञात महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। विवाहिता की मौत को लेकर पुलिस अलग-अलग एंगल पर जांच कर रही है। महिला को शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल फतेहाबाद पहुंचा दिया है। जहां सोमवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम किया गया।





### तीसरे दिन भी नहीं हो सका मृतक कालूराम का दाह संस्कार, परिजन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां क्षेत्र के गांव ठुईयां निवासी कालूराम की हत्या के मामले में सोमवार को तीसरे दिन भी सभी आरोपियों की गिरफ्तार न होने से खफ परिजनों व ग्रामीणों का धरना जारी रहा। धरने में सोमवार को भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। बता दें कि 9 दिसम्बर को कालूराम की बुरी तरह पिटाई की गई थी। कालूराम ने 14 दिसम्बर को दम तोड़ दिया था। इस मामले में पुलिस ने अभी तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इस कारण परिजनों ने अभी तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया है। मृतक का शव अभी भी अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में पड़ा है। परिजनों का कहना है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही वे शव लेने अग्रोहा जाएंगे। इस मामले में पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि इस मामले में 8 के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। 15 दिसम्बर को मृतक के पिता गंगाराम ने थाना भट्टूकलां में अपने लड़के कालूराम की हत्या का मामला दर्ज करवाया था।

### नप के वार्डों का महिला आरक्षण के लिए किया ड्रा

**सिरसा।** महिला आरक्षण के लिए सिरसा नगर परिषद के वार्डो् का ड्रा निकाला गया। महिलाओं के लिए कुल 11 वार्डो् को आरक्षित किया गया। इनमें पिछड़ा वर्ग क की महिला के लिए एक, अनुसूचित जाति महिला के लिए तीन तथा सामान्य महिला के लिए सात वाडार्े को आरक्षित किया गया। ड्रा डीएमसी विरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में निकाला गया। इस अवसर पर एसडीएम राजेंद्र कुमार जांगड़ा भी उपस्थित रहे। इस दौरान नगर परिषद के अभियंता, निवर्तमान प्रधान नगर परिषद रीना सेठी, निर्वतमान पार्षद रोहताश कुमार व निवर्तमान पार्षद ख्याली राम भी उपस्थित रहे।

## सुमठनी के तौर पर रखे किए 11 लाख वापस

- एक रुपये व नारियल किया स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौपटा

गांव कागदाना में हुए एक शादी काफी चर्चाओं में रही। प्रेम घोंटड के बेटे प्रीतम की शादी रुपावास गांव के पुलिस विभाग में कार्यरत नरेश कालवा की बेटी गायत्री से हुई। नरेश कालवा ने सुमठनी के तौर पर 11 लाख रुपये रखें। लेकिन कागदाना प्रेम घोटड ने 11 लाख रूपये वापस करते हुए 1 रुपया और नारियल स्वीकार किया।

प्रेम घोंटड़ ने कहा की हमारे लिए बहु ही धन है। प्रेम घोटड ने कहा की जो पैसा हम दहेज में दें रहें है। उन पैसों से बेटियों की शिक्षा पर खर्च कर हम उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत करें ताकि पढ़ लिख कर बेटियां खुद अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। बेटी गायत्री के पिता नरेश कालवा ने कहा कि हमें पढ़े लिखें जागरूक रिश्तेदार मिले है और इन्होंने जो दहेज न लेकर जो सामाजिक जागरूकता और दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करने का बीड़ा उठाया है ये वास्तविक में काबिल ए तारीफ है।



सिरसा। थाली से एक रुपया व नारियल स्वीकार करते प्रेम घोटड़।

## मार्केट फीस वापस ले सरकार: बजरंग गर्ग

- विरोध में 20 दिसम्बर को हरियाणा की सब्जी व फल मंडियां रहेंगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा सब्जी व फलों पर एक मुश्त मार्केट फीस लगाने व 1 प्रतिशत एचआरडीएफ लगाने के विरोध में आगामी 20 दिसंबर को पूरे हरियाणा की सब्जी व फल मंडियों में हड़ताल रहेगी। बजरंग दास गर्ग सोमवार को व्यापारियों की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सब्जी व फलों पर मार्केट फीस व एचआरडी एफ लगाने के विरोध में प्रदेश के आढ़ती व किसानों में बड़ी भारी नाराजगी है। गर्ग ने कहा कि किसानों व आढ़तियों की मांग पर हमने पिछली सरकार से बातचीत करके सब्जी व फलों पर से मार्केट फीस माफ करवाई थी, मगर भाजपा सरकार ने किसानों द्वारा पैदा की जा रही सब्जी-फल पर दोबारा मार्केट फीस व एचआरडीएफ लगा दिया है जो सरासर गलत है। जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सब्जी व फलों पर मार्केट फीस समाप्त करने की घोषणा की थी। सरकार ने यह भी कहा था कि सब्जी व फल पर मार्केट फीस व एचआरडीएफ माफ करने से आढ़तियों व किसानों को 30 करोड़ रुपए का लाभ होगा। सरकार ने मार्केट फीस व एचआरडी एफ हटाने की अधिसूचना जारी नहीं की, उल्टा आढ़तियों व किसानों को तंग करने के लिए एक मुश्त मार्केट फीस व एक प्रतिशत एचआरडीएफ सरकार ने लगा दिया। गर्ग ने कहा कि सरकार को अपने वादे के अनुसार सब्जी व फलों पर से मार्केट फीस व एचआरडीएफ तुरंत प्रभाव से हटनी चाहिए। गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू करते हुए घोषणा की थी कि देश में जीएसटी के तहत सिर्फ एक टैक्स रहेगा मगर केंद्र सरकार ने जीएसटी के तहत 6 प्रकार के टैक्स लगा दिये और जो मार्केट फीस समाप्त करनी थी, वह भी नहीं की है।



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए बजरंग दास गर्ग। फोटो : हरिभूमि

## जिलास्तर पर मनाएंगे गीता जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं व प्रबुद्ध नागरिक भी विशेष तौर पर जिला प्रशासन को अपना सहयोग देकर महोत्सव को भव्य बनाएं ताकि हमारी युवा पीढ़ी तक हमारी संस्कृति का संदेश पहुंचे। नगराधीश अजय सिंह ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि इस बार जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 22 से 23 दिसंबर तक स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में गीता पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा शहर के सभी धार्मिक, सामाजिक संगठन मिलकर शहर में एक शोभायात्रा व पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को भव्य व साफ बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे किए जा रहे हैं। वे महोत्सव के दौरान झांकी, स्वागत द्वार, श्लोक व मंत्रो उच्चारण, आरती, सत्संग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रशाद वितरण, उद्बोधन, जलपान सेवा आदि कायार्े में विशेष रुप से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाला गीता जयंती महोत्सव में आप लोगों का सहयोग अति आवश्यक है। जिला में गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में एक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस शोभा यात्रा में विभिन्न स्कूलों के छात्र व छात्राओं द्वारा गीता के श्लोकों का उच्चारण किया जाएगा। इस शोभा यात्रा में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक संस्थाओं के लोगों का सहयोग रहेगा।



## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी की भागीदारी जरूरी: रामचंद्र

# ऐलनाबाद व रानियां कस्बे के गांवों में पहुंची संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला निरंतर जारी है। सोमवार को यात्रा जिला के गांव मल्लेकां, उमेदपुरा, माखोसरानी, शकर मंदोरी, धनूर, ओटू, ढाणी चन्नु शहीदां व झोपड़ा में पहुंची। गांव ओटू में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, गांव धनूर में मंडल अध्यक्ष चक्कां बलदेव सिंह बेनिवाल, गांव ढाणी चन्नु शहीदां व झोपड़ा में पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने शिरकत की। पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज ने कहा कि देश को विकसित बनाने का काम कोई एक व्यक्ति नहीं कर सकता, इस कार्य में हम सभी की भागीदारी जरुरी है, तभी हम भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतर सोच के साथ देश को विकसित बनाने के लिए आमजन को संकल्पित करने का आह्वान किया है। इस कार्य में हमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और देश हित के लिए 'यादा से 'यादा कार्य करने चाहिए। पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से देश की शान बढ़ी है। कोई किसी का हक न मारे, इस दिशा में मोदी और मनोहर की जोड़ी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि सभी काम ऑनलाइन हो रहे हैं।



सिरसा। यात्रा के दौरान गैस चूल्हा वितरित करते पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सरपंच सिमरन, लक्षमण दास, महामंत्री गुरसेवक सिंह, कुलविंद्र सिंह, सागर केहरवाला, जोगा सिंह, सरपंच थिराज परगट सिंह, सरपंच झोपड़ा संदीप, सरपंच कुलदीप कौर, ठाकुर भगत सिंह राठोर, शीशपाल कंबोज, रानियां मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह बसरा, संतोष रानी, लेखराज कंबोज, सरपंच धनूर चिमन लाल, बीडीपीओ सार्थक श्रीवास्तव, चंद्रभान, गुलशन गाभा, बलवान जांगड़ा, अवतार कंबोज ने शिरकत की।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मनाया पेंशनर्स दिवस

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई ने एमआईटीसी कॉलोनी में पेंशनर्स दिवस मनाया गया जिसमें सेवानिवृत्त प्रिंसिपल गवर्नमेंट कॉलेज रतिया रवींद्र पुरी मुख्यातिथि थे। कार्यक्रम में जिलाभर से काफी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी पहुंचे और सेवानिवृत्त कर्मचारी इंद्राज सिंह साहू आयु 95 वर्ष व 90 वर्ष के मनीराम को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### फसल बीमा को लेकर गड़बड़ झाला, किसानों में रोष

**डबवाली।** कुछ बैंक किसानों से बीमा कंपनियों के नाम पर कथित रूप से गोलमाल करने में लगे हैं। इसी तरह के एक मामले में चढूनी ग्रुप के ब्लॉक प्रधान गुरमेल सिंह मट्टदादू की अगुवाई में किसानों ने चौटाला रोड पर स्थित एक निजी बैंक के आगे धरना दिया है। यह धरना किसान हरदीप सिंह के साथ हुई कथित गड़बड़ी को लेकर दिया गया था। हरदीप सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी मटदादू का आरोप है कि बैंक ने गलत ढंग से उसकी फसल का बीमा किया।

### स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन

**फतेहाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में जिला स्तरीय चिकित्सा विभाग दल द्वारा तीन दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन नागरिक अस्पताल, फतेहाबाद से मेडिकल ऑफिसर डॉ. रविकांता, डॉ. पवन कुमार तथा फार्मासिस्ट चरणजीत सिंह की टीम के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यालय के कक्षा 6वीं से कक्षा 12वीं तक के 529 विद्यार्थियों के वजन, हाइट, हीमोग्लोबिन, दन्त निरीक्षण, दृष्टि इत्यादि सहित संपूर्ण स्वास्थ्य की जांच की गई।

### महाराष्ट्र के अधिवेशन में होगी प्रदेश की भागीदारी

**टोहाना।** आल इंडिया समता सैनिक दल, हरियाणा इकाई द्वारा समता भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर आल इंडिया समता सैनिक दल के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य वरिंद्र बौद्ध उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष राजेश बौद्ध ने की। मंच संचालन संगठन के उत्तरी जोन सचिव नरेश खोखर ने किया। मुख्यातिथि वरिंद्र बौद्ध ने आल इंडिया समता सैनिक दल के महत्व बारे व अंबेडकरी मिशन में दल के योगदान के बारे में विचार व्यक्त किये।

### टोहाना महिलाओं की खेल कूद प्रतियोगिता 21 को

**टोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग टोहाना द्वारा टोहाना ब्लॉक की सभी गांवों व शहर की महिलाओं की विभिन्न आयु वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन दमकौरा खेल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी 20 दिसम्बर तक अपने क्षेत्र की आंगनवाड़ी वर्कर से सम्पर्क कर सकती है। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला ने बताया कि टोहाना ब्लॉक की महिलाओं की खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से खेल स्टेडीयम गांव दमकौरा में करवाया जाएगा।

## आरोपियों को यूनियन से किया बाहर, पुलिस को दी शिकायत

# लोडिंग अनलोडिंग मजदूर यूनियन के सदस्यों पर 12 लाख गबन का आरोप

**मजदूर यूनियन के तमाम पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा एकमत से दोनों आरोपियों को यूनियन से बाहर करने का निर्णय लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

धारसूल कलां की ऑल फूड एण्ड अलाइड लोडिंग अनलोडिंग मजदूर यूनियन से लाखों रुपए गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। मजदूर यूनियन की तरफ से अपनी यूनियन के दो सदस्यों पर ठेकेदार पर दबाव बनाकर मजदूरों से 12 लाख रुपए का बड़ा गबन करने का आरोप लगाते हुए उन्हें कटघरे में खड़ा कर दिया है। इससे खफा मजदूर यूनियन के तमाम पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा एकमत से दोनों आरोपियों को यूनियन से बाहर करने का निर्णय लिया है, वहीं यूनियन द्वारा इसकी शिकायत पुलिस को देकर दोषियों विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।

धारसूल मंडी की लोडिंग अनलोडिंग मजदूर यूनियन के प्रधान रामनिवास, सचिव जरनैल सिंह, खजांची प्रकाश और सदस्य गुरमीत सिंह सूरजा सिंह, कृष्ण, जरनैल सिंह, जितेंद्र सिंह, सुभाष, जगदीश, कुलदीप, रघुवीर, मनप्रीत, सुरेंद्र पूर्ण चंद, सतगुरु आदि ने बताया कि उनकी यूनियन के दो सदस्य वेद प्रकाश और बिक्रम सिंह, जो पूर्व में यूनियन में अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं, उनके द्वारा ठेकेदार पर दबाव बनाकर कर मजदूरों को मजदूरी का पैसा कम देकर पिछले कई वषार्ें से गबन किया जा रहा हैं। इसका खुलासा होने पर मजदूर यूनियन में आरोपियों विरोध गहरा रोष व्याप्त हैं।



**जाखल।** विरोध करते मजदूर यूनियन के सदस्य।

### किसी भी गलत कदम के लिए आरोपी खुद होगे जिम्मेदार

यूनियन द्वारा पुलिस को सौंपी गई शिकायत में कहा है कि भविष्य में यदि आरोपी कोई गलत कदम उठाते है या यूनियन के किसी सदस्य से गाली गलौच या लड़ाई झगड़ा करते हैं अथवा उनपर कोई झूठा दोष लगाते है तो उसके लिए यूनियन का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

### आरोपियों को यूनियन से किया बाहर

आरोपियों द्वारा लाखों रुपए गबन करने के संबंध में मजदूर यूनियन द्वारा सोमवार को मीटिंग की गई। इसमें यूनियन के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सभी ने इसपर आपत्ति जताते हुए दोषियों को हमेशा के लिए यूनियन से बाहर करने का निर्णय लिया गया। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि आरोपी गबन की गई रकम वापस यूनियन में जमा कराते हैं तो वह लेबर में काम कर सकते हैं अन्यथा वह कभी लेबर में कार्य नहीं कर सकेंगे। मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने आरोपियों से गबन की गई राशि भरने को भी कहा गया हैं लेकिन वह गबन करने की बात से इनकार कर रहे हैं।

### पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो चौकी के बाहर किया बवाल

सोमवार को मजदूर यूनियन के सदस्य बड़ी संख्या में एकत्रित होकर आरोपियों के विरुद्ध शिकायत देने के लिए कुलां पुलिस चौकी में पहुंचे। इस दौरान यूनियन के अध्यक्ष रामनिवास ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी शिकायत लेने से इनकार कर दिया हैं। यही नहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस यूनियन के करीब 115 सदस्यों की बात सुनने की अपेक्षा आरोपियों से मिलीभगत कर उनका साथ दे रही है। इससे गुस्साए मजदूरों ने चौकी के बाहर बवाल खड़ा कर दिया। इसे लेकर बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए मजदूरों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मामला गर्माता देख पुलिस ने समझाइश करते हुए गुस्साए मजदूरों को शांत किया। इसके बाद पुलिस ने मजदूरों द्वारा प्रेषित शिकायत पत्र ले लिया है।



**फतेहाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को योजनाओं का लाभ देते एसडीएम राजेश कुमार।

## संकल्प यात्रा के तहत गांव अहलीसदर और हरिपुरा में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को केंद्र व राज्य की योजनाओं का घर द्वार पर लाभ मिल रहा है। यह बात एसडीएम राजेश कुमार व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने संयुक्त रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव अहलीसदर व हरिपुरा में आयोजितकार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए उपस्थितजन को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों, मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए वे भारत विकसित संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़े और केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सेवाओं का लाभ उठाए। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रत्येक नागरिक अपनी अहम भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से युवाओं के साथ-साथ पात्र परिवारों और सभी वगार्ें का कल्याण व भविष्य उज्ज्वल होगा वहीं गरीब परिवारों का भी जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की ओर से समाज में सकारात्मक बदलाव लाकर युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित किया जा रहा है। यात्रा से देश के विकास के साथ जोड़कर जहां देशवासियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है वहीं आपसी भाईचारे और प्यार व प्रेम का संदेश भी मिल रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओजस्वी सोच के साथ देश व प्रदेश दिन-दौगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नागरिकों की जनसमस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर समाधान किया।

## कर्ण चौटाला की अध्यक्षता में जिप की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला परिषद के चेयरमैन कर्ण सिंह चौटाला की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत भवन में जिला परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, जिला परिषद की उप प्रधान मीना रानी व जिला परिषद के सभी वाडोंर् के सदस्य व संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में पंचायत समितियों के वार्षिक बजट, ग्राम पंचायत विकास योजना, जिला परिषद विकास योजना की समीक्षा व कार्य योजना तैयार की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्रों के बजट व रख रखाव, मुख्य जल वितरण योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति पर चर्चा की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंध में जिला में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण व योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए चेयरमैन कर्ण सिंह चौटाला ने कहा कि जिला परिषद द्वारा सभी सदस्यों के सहयोग व विभागों के तालमेल से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।



**सिरसा।** चेयरमैन कर्ण चौटाला की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक लेते हुए।

## हरियाणा में आप का कोई अस्तित्व नहीं: दीपेंद्र


- कहा, किसान मजदूर आक्रोश रैली से होगा 2024 का चुनावी शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रा'यसभा सांसद एवं कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं है, कांग्रेस यहां स्वयं चुनाव जीतने में समक्ष है और प्रदेश में लोकसभा व विधानसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दीपेंद्र हुड्डा सोमवार को सिरसा में आगामी 24 दिसम्बर को हो वाली रैली को लेकर जगह का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर राज्य की राजनीतिक परिस्थितियां अलग-अलग हैं। आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर बने गठबंधन का हिस्सा जरूर है, लेकिन हरियाणा में इसका कोई अस्तित्व नहीं है।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार ने प्रदेश को विकास की पटरी से उतार दिया है। बेरोजगारी व महंगाई बढ़ी है, भाजपा-जजपा में प्रदेश के विकास के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार को लेकर समझौता हुआ और इसी के आधार पर महकमे बांटे गए हैं। प्रदेश की यह गठबंधन सरकार सभी वगार्ें के लिए हानिकारक साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग बदलाव चाहते हैं और दोबारा कांग्रेस में अपना विश्वास दोहराएंगे। जजपा व इनेलो पर कटाक्ष करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में यमुना पार करने वाले इन दलों को बीजेपी के साथ प्रदेश की जनता यमुना पार कर देगी।

इससे पूर्व दीपेंद्र ने चोपटा कस्बे में भी रैली का न्यौता दिया। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस रैली को करने के दो कारण जिसमे से पहला ये कि शहीद किसानों को शहीद का दर्जा नहीं दिया गया, सरकार का घमंड तोड़ना जरूरी है। दूसरा ये है कि चुनाव होने है। ऐसे में अब जनता के पास विचार का मौका है कि वो चयनित कर सकते है कि कैसे प्रदेश को भाजपा मुक्त किया जाए।



**सिरसा।** गांव कागदाना में दीपेंद्र हुड्डा का स्वागत करते कार्यकर्ता




### करनाल को हराकर भूना के फुटबॉल खिलाड़ियों ने किया जीत का खिताब अपने नाम

**फतेहाबाद।** भूना के फुटबॉल खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय बीच फुटबॉल प्रतियोगिता करनाल की टीम को मात देकर प्रथम स्थान हासिल किया है। विजेता टीम का भूना पहुंचने पर स्वागत किया गया। जिला खेल अधिकारी राजबाला, उपाधीक्षक सुरेंद्र कुमार द्वारा विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कनिष्ठ फुटबॉल प्रशिक्षक जसमेर ने बताया कि चरखी दादरी के गांव पेटवास में 15 से 17 दिसंबर को आयोजित हुई राज्य स्तरीय बीच फुटबॉल प्रतियोगिता में जिला फतेहाबाद की फुटबॉल टीम ने 0-3 गुरूग्राम, 4-0 से फरीदाबाद को हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में चरखी दादरी की टीम को 3-1 से मात दी तथा फाइनल में करनाल की टीम को 4-0 से हराकर जीत का खिताब अपने नाम किया।

## किसान यूनियन ने दिया धरने का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगरपरिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर गुरलाल सिंह का लघु सचिवालय में धरना प्रदर्शन 15 वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को इस धरने को किसान यूनियन ने अपना समर्थन देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी की इस जंग को अंजाम तक ले जाया जाएगा। इस दौरान एडवोकेट हरविंद्र सिंह थिंद, भूपेंद्र सिंह वैदवाला जिला प्रधान चढूनी ग्रुप ने पुरजोर आवाज में कहा कि भ्रष्टाचार की इस लड़ाई में किसान यूनियन समाजसेवी गुरलाल सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। वहीं धरनारत गुरलाल सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन व नप प्रशासन ने चेतावती के बावजूद अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है, जिसके चलते मंगलवार को डीएमसी का पुतला फूंका जाएगा। सिंह ने कहा कि 15 दिनों से वे धरने पर बैठे हैं, लेकिन अभी तक किसी अधिकारी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है। भ्रष्टाचार कम होने की बजाय और अधिक बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी आंखें मूंदकर सब कुछ आंखों के सामने देखकर भी सुनवाई नहीं कर रहे।



**सिरसा।** लघुसचिवालय में धरना दे रहे गुरलाल को समर्थन देने पहुंचे किसान यूनियन पदाधिकारी।

## सिविल अस्पताल में होगी मनो रोग विशेषज्ञ की स्थाई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

शीतकालीन विधानसभा सत्र में डबवाली के विधायक अमित सिहाग की मजबूत पैरवी के चलते डबवाली सामान्य अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र्र में मनोरोग चिकित्सक की स्थाई नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही डबवाली हेतु अल्ट्रासाउंड मशीन व रेडियोलॉजिस्ट की जल्द नियुक्ति का भी स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें ठोस आश्वासन दिया है। प्रश्न काल के दौरान सिहाग ने प्रश्न किया कि डबवाली में नशा मुक्ति केंद्र को कब पुनः शुरू कर इसमें मनोरोग विशेषज्ञ नियुक्ति की जाएगी और डबवाली में अल्ट्रासाउंड मशीन एवं रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कब होगी? इसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि डबवाली में मनोरोग चिकित्सक की नियुक्ति कर दी गई है और नशा मुक्ति केंद्र सुचारू रूप से चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने अल्ट्रासाउंड मशीन और रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति के संदर्भ में जल्द नियुक्ति करने के लिए सिहाग को आश्वासत किया।

## बिजली बिलों पर सिक्योरिटी चार्ज व स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध

- बिजली बिलों के नाम पर प्रदेश सरकार ने मचा रखी है जमकर लूट : मनदीप नथवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बिजली बिलों पर लगाए जा रहे सिक्योरिटी चार्ज और नए स्मार्ट मीटर लगाने का पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने कड़ा विरोध किया है। इस मामले को लेकर दर्जनों किसानों द्वारा फतेहाबाद में बिजली निगम के एसई कार्यालय पर रोष प्रदर्शन करते हुए घेराव किया गया।

इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली विभाग के एसई को ज्ञापन सौंपकर सिक्योरिटी चार्ज बंद करने और स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला तुरंत वापस लेने की मांग की है। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा ने की व मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान मौजूद रहे।

किसानों को संबोधित करते हुए मनदीप नथवान ने कहा कि प्रदेश में बिजली बिलों के नाम पर सरकार ने जमकर लूट मचा रखी है। जिन प्रदेशों में चुनाव होते हैं, वहां तो भाजपा के नेता जनता को मुफ्त बिजली देने के वायदे करते नहीं थकते, वहीं हरियाणा में जहां भाजपा पहले ही सत्ता में है, वहां फ्री बिजली देना तो दूर की बात, लोगों को सिक्योरिटी चार्ज लगाकर भारी भरकम बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। एक गरीब परिवार का भी बिजली बिल हजारों का आ रहे हैं। लोगों को यह समझ नहीं आ रहा कि वह अपनी कमान से परिवार का पेट भरे या भारी भरकम बिजली बिल भरकर सरकार की जेबें भरे। मनदीप ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के इस दोगले रवैये को किसी सूरत में मंजूर नहीं करेगी।



**फतेहाबाद।** एसई कार्यालय के बाहर धरना देते किसान।

### 'जिन्दगी की चौपाल' में ड्रग फ्री गांव कुम्हारिया का संकल्प

# ग्रामीणों को नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सामाजिक संस्था जिन्दगी द्वारा जिला में युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए जारी मुहिम के तहत गांव कुम्हारिया में जिन्दगी की चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पुलिस प्रशासन की तरफ से डीएसपी जय पाल सिंह ने विधिवत रूप से गांव कुम्हारिया को ड्रग फ्री घोषित किया। पुलिस प्रशासन के नशा मुक्त फतेहाबाद अभियान इंचार्ज सुन्दर मुसाफिर ने ग्रामीणों को क्षेत्र में कैमीकल नशा की रोकथाम बारे उपस्थितजनों को अहम जानकारियां प्रदान की। जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने डीएसपी जयपाल सिंह, सरपंच सुरेश डाबला व अन्य अतिथिगणों संग उपस्थितजनों को नशा मुक्त समाज के लिए ड्रग फ्री बने गांव कुम्हारिया का सुरक्षा चक्र न टूटने देने की शपथ दिलाई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीसपी जयपाल सिंह ने कहा कि जिस तरीके से युवाओं को जानलेवा साबित होने वाली ड्रग तेजी से गिरफ्त में ले रही है, उन हालातों में किसी गांव का ड्रग फ्री बनना वहां के लोगों की समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रत्यक्ष प्रमाण देता है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन उनके गांव को नशा मुक्त बनाए रखने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतेगा। जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा सर्व समाज को नशा मुक्त समाज निर्माण मुहिम से जोड़ने के लिए जिन्दगी की चैपाल कार्यक्त्रम आयोजित किए जा रहे हैं।




**फतेहाबाद।** जिन्दगी की चौपाल कार्यक्रम में डीएसपी जयपाल सिंह, सरपंच सुरेश डाबला संग ग्रामीणों को नशा मुक्त समाज शपथ दिलाते हरदीप सिंह।

### ये रहे मौजूद

गांव कुम्हारियां के ग्रामीणों का आह्वान किया कि बेशक उनका गांव ड्रग फ्री घोषित किया गया होए लेकिन इससे किसी को भी निश्चिंत होकर बैठने की जरूरत नहीं है। गांव कुम्हारिया की तरह हर गांव-शहर के व्यक्ति को समाज की युवा नस्ल को बचाने के लिए हर समय सतर्क रहना होगा। इस अवसर पर सरपंच सुरेश डाबला, पंच मोहनलाल, प्यारेलाल, फतेह सिंह, प्रीतम, सुखमा, सुरजीत जाखड़, कुलदीप, महेश शर्मा, नवीन जांगडा, सतबीर डाबला, आशा वर्कर अंजू, इन्द्रावती, आंगनबाड़ी से संतोष, बिमला के अलावा जिन्दगी संस्था के रविन्द्र सैनी चिंदड़, अमरजीत मालवान, प्रेम, साहबराम, राजकुमार, शेर सिंह, धर्मपाल जाखड़ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मियों को दंगो से निपटने का दिया प्रशिक्षण



**फतेहाबाद।** पुलिस कर्मचारियों ने सोमवार को परेड के दौरान हिसार रोड स्थित पुलिस लाइन में ड्रिल का अभ्यास किया। विशेष रूप से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गठित की गई पुलिस टीम के जवान दंगा रोधक उपकरणों के साथ परेड मे पहुंचे। परेड में उप पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र सिंह ने पुलिस कर्मचारियों को किसी भी तरह की विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए जानकारी देते हुए उनका अभ्यास कराया।

### 22 से शुरू होगी प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनिंग

**फतेहाबाद।** जिले में कंडक्टर लाइसेंस बनवाने के इच्छुक बेरोजगार युवाओं के लिए जिला रेडक्रॉस एवं सेंट जॉहन एंबुलेंस इंडिया द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, नई दिल्ली के सहयोग से 8 दिवसीय प्रोफेशनल प्राथमिक चिकित्सा होम नसिंर्ग की ट्रेनिंग गीता जयंती के अवसर पर 22 दिसंबर से फतेहाबाद व टोहाना में एक साथ शुरू होगी, जिसमें एक बैच में 30 युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिले के 18 वर्ष से अधिक के युवा फर्स्ट एड ट्रेनिंग में भाग ले सकते हैं।

### संजू जिंदल बने जैन सभा रतिया के प्रधान



**रतिया।** एसएस जैन सभा रतिया की मीटिंग मंडी रोड स्थित जैन स्थानक में आयोजित की गई। इस मीटिंग में प्रधान अनिल जैन द्वारा अपना कार्यकाल पूरा होने पर त्यागपत्र दिया गया और नया प्रधान चुने के लिए कार्रवाई शुरू की गई। प्रधान अनिल जैन ने जैन एकता मंच के उप प्रधान व समाजसेवी संजू जिंदल को प्रधान बनाए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका मदनलाल जैन व मोहन जैन ने अनुमोदन किया और अन्य कोई उम्मीदवार न होने के कारण सर्व समिति से संजू जिंदल को एसएस जैन सभा रतिया का प्रधान चुन लिया गया।

### एसआई साधुराम हुए पदोन्नत



**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद पुलिस में कार्यरत एसआई साधुराम को पदोन्नति का तोहफा मिला है। वह एसआई से पदोन्नत होकर निरीक्षक बने है। जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने पदोन्नत हुए एसआई साधुराम को स्टार लगाकर बधाई दी और और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। एसपी ने उम्मीद जताई कि पदोन्नति पाकर समाज में और बेहतर तालमेल कर काम करेंगे और विभाग की गरिमा बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे।

### गोविंद शर्मा को मिला लघुकथा सम्मान



**सिरसा।** हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा संचालित हरियाणा प्रादेशिक लघुकथा मंच के तत्वावधान में युवक साहित्य सदन में अखिल भारतीय लघुकथा सम्मेलन-2023 हुआ, जिसके अध्यक्ष मंडल में डॉ. मेजर शक्तिराज, मित्रसैन गर्ग, ललित मोहन जैन, डॉ. रामकुमार घोटड़, सत्यप्रकाश भारद्वाज तथा योगराज प्रभाकर शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रो. रूप देवगुण ने अतिथियों का स्वागत किया तथा डॉ. शील कौशिक ने लघुकथा पर विचार रखें।

### आप नेता ने बोले, राष्ट्रीय स्तर पर देशहित के लिए गठबंधन को अभी भी तैयार

# चार राज्यों में कांग्रेस ने आप से किया धोखा, तभी जीती भाजपा

**सिरसा से चली आप की बदलाव यात्रा सोमवार को फतेहाबाद में पहुंची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि चार राज्यों में भाजपा की जीत के पीछे कांग्रेस का धोखा है। गठबंधन को लेकर आम आदमी पार्टी धोखे का शिकार हुई। कांग्रेस इन राज्यों में वोटों का विभाजन नहीं रोक पाई। वह आज आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा से पूर्व श्रीकृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सिरसा से चली आप की बदलाव यात्रा सोमवार को फतेहाबाद में पहुंची। सोमवार को यह यात्रा फतेहाबाद से शुरू होकर भूना, टोहाना विस क्षेत्रों का दौरा करते हुए नरवाना में प्रवेश करेगी जहां रात्रि ठहराव होगा। अशोक तंवर ने कहा कि कहा कि कांग्रेस को चुनाव के समय अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, बसपा आदि सब याद आते हैं लेकिन मतलब निकलने पर इन्हें पहचानते भी नहीं। आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर देशहित के लिए गठबंधन को तैयार है लेकिन दूसरी तरफ से भी तैयारी होनी चाहिए। कांग्रेस को मध्यप्रदेश में पहले से भी कम सीटें आई, यदि वे मिलकर चुनाव लड़ते, उनके नेता समय से पहले सरेंडर न करते तो स्थिति और होती। लोग तो कह रहे हैं कि कांग्रेस ने खुद चुनाव सरेंडर किए थे, ऐसे ही लोग हरियाणा में बैठे हैं। यदि गठबंधन होता है तो हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली की 31 लोकसभा सीटों पर गठबंधन का एकतरफा माहौल देखने को मिलेगा। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि विकास का राग अलापने वाली गठबंधन सरकार के पिछले दस सालों के कार्यकाल में गोरखपुर परमाणु बिजली संयंत्र से न तो बिजली की एक यूनिट पैदा कर पाई है और न ही फतेहाबाद क्षेत्र में रेल की सीटी ही बज पाई है।



**फतेहाबाद।** शहर में बदलाव यात्रा निकालते आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर। *फोटो : हरिभूमि*



**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर। *फोटो : हरिभूमि*

#### पंजाब, दिल्ली की तरह हरियाणा में फ्री देंगे बिजली

आप नेता अशोक तंवर ने कहा कि सस्ती बिजली तो दूर की बातए हरियाणा सरकार ने बिजली बिलों में एफएसए चार्ज जोड़कर बिजली बिलों को दोगुणा करने का काम किया है। एक ओर दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी फ्री 24 घंटे और बगैर कट के बिजली दे रही है वहीं प्रदेश की खट्टर सरकार व बिजली मंत्री लोगों के बिजली कनेक्शन कटवाने में जुटे हैं। आप नेता अशोक तंवर ने दावा किया कि प्रदेश में आम आदमी की सरकार बनने पर पंजाब व दिल्ली की तर्ज पर प्रदेशवासियों को बिजली मुहैया करवाई जाएगी। डॉ. तंवर ने कहा कि उनके सांसद कार्यकाल के दौरान ही उन्होंने सिरसा से फतेहाबाद को रेल क्षेत्र से जोड़ने के लिए सर्वे करवाया था मगर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही गठबंधन सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

#### अमूल्य सुझावों पर तैयार होगा आप का घोषणा पत्र

आप नेता अशोक तंवर ने कहा कि बदलाव यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से निकलने के दौरान जनसंवाद में जो अमूल्य सुझाव और समस्याएं उनके संज्ञान में आ रही हैं, उनके निवारण के साथ-साथ सुझावों पर पार्टी का घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा ताकि प्रदेश के आमजन की सरकार उनके सुझावों व विचारों पर ही सत्तासीन हो सके। डा. तंवर ने कहा कि दिल्ली व पंजाब का विकास मॉडल ही हरियाणा का विकास मॉडल होगा। रोजगार न मिलने की स्थिति में युवा वर्ग सब्जी की रेहड़ी आदि लगाने की सोच रहा था, उसके मार्ग में भी इस सरकार ने कांटे बीज दिए हैं। सरकार ने इस क्षेत्र में करीब दोगुणा मार्केट फीस बढ़ाकर उन्हें बेरोजगार बने रहने देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।




**फतेहाबाद।** गांव लहरियां में जिला स्तरीय सेमिनार में स्टालों का निरीक्षण करते एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी।

## बागवानी से आमदमी बढ़ा सकते हैं किसान : रांगी

- अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सेमिनार का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

उद्यान विभाग द्वारा गांव लहरियां में अतिरिक्त उपायुक्त एवं डीएचएमआईयू के चेयरमैन डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 किसानों ने भाग लिया। एडीसी ने अमरूद का पौधा लगाकर एक दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ किया। सेमिनार के दौरान उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने कहा कि पारंपरिक खेती से हटकर किसानों को कृषि विविधीकरण को अपनाते हुये बागवानी फसलों की अधिक से अधिक काश्त करें। यदि वैज्ञानिक तरीके से बागवानी फसलों को अपनाया जाये तो किसान धान-गेहूं व कपास-गेहूं के फसल चक्र से कहीं अधिक आय प्राप्त कर सकता है व भूमि की गुणवता भी बनाई रखी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि किसान पोलीहाऊस व नेट हाऊस में सब्जियों व फूलों की खेती करके कई गुणा आमदनी प्राप्त कर सकता है। इसके साथ-साथ उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि बागवानी फसलों के उत्पादन के साथ-साथ इसकी ब्राडिंग व मार्किटिंग अपने स्तर पर स्वयं करना सीखें क्योंकि जब तक किसान मार्किटिंग को खुद नहीं अपनायेगा तब तक उसकी आय में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी। मौके पर एडीसी ने गांव की सामुहिक समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें यथासंभव समाधान करने का भी आश्वासन दिया। सेमिनार के दौरान चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. सरदूलमान, डॉ. अमित व डॉ. अनु द्वारा विभिन्न बागवानी फसलों के रखरखाव, प्रबंधन, कीट एवं सूत्रक्रमी नियंत्रण बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम उपरांत वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सरदूलमान व जिला उद्यान अधिकारी ने जानकारी दी।

## नरेन कुलड़िया ने फिर लहराया परचम, नेशनल में क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



राइफल शूटिंग में अपनी प्रतिभा के दम पर अनेक उपलब्धियां हासिल कर चुके डीएवी स्कूल फतेहाबाद के छात्र नरेन कुलड़िया ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया है। फरीदाबाद सैक्टर 14 स्थित डीएवी स्कूल में हुई डीएवी स्टेट लेवल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में नरेन कुलड़िया ने एसबीपी डीएवी स्कूल फतेहाबाद की तरफ से भाग लिया। नरेन डीएवी स्कूल में कक्षा 11वीं के छात्र हैं। इस प्रतियोगिता में नरेन कुलड़िया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ज्वाइंट टीम में प्रथम व सिंगल में टॉप 5 में आकर नेशनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली है। डीएवी नेशनल गेम्स 5 से 8 जनवरी 2024 को डीएवी स्कूल, सैक्टर 14 फरीदाबाद में ही आयोजित किए जाने हैं। इस नेशनल प्रतियोगिता को लेकर नरेन ने क्वालीफाई किया है। नरेन की इस उपलब्धि से विद्यालय में भी खुशी का माहौल है। नरेन ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता, कोच, स्कूल स्टाफ व प्रिंसीपल सुनीता मदान को दिया, जिनके मार्गदर्शन में ही वह यह उपलब्धि हासिल कर पाया है। डीएवी स्कूल प्रिंसीपल सुनीता मदान ने कहा कि नरेन के शानदार प्रदर्शन पर उसे बधाई देते हुए कहा कि नरेन ने पूरे स्कूल का प्रदेशभर में नाम रोशन किया है। बता दें कि नरेन कुलड़िया के पिता नरेश कुलड़िया फतेहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव है। उन्होंने कहा कि नरेन का शुरू से ही शूटिंग का शोक था। काफी कम समय में उसने बड़े स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें अपने बेटे पर गर्व महसूस हो रहा है।

## कर्मचारी असेंबली में दूसरे दिन छह प्रस्ताव पास

### मांगों को लेकर अधिकारियों व नेताओं को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सर्व कर्मचारी संघ की लघु सचिवालय के बाहर चल रही हरियाणा कर्मचारी असेंबली के दूसरे दिन आज मनुष्य को मनुष्य के नैसर्गिक व संवैधानिक अधिकार दिलवाने वाले अतिमहत्वपूर्ण 6 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास कर सरकार को भेजे। आज की असेंबली के स्पीकर सीएन भारती रहे। सबसे पहला प्रस्ताव कृष्ण चमारखेड़ा ने रखा कि हरियाणा सरकार हरियाणा के कर्मचारियों का अलग 8वें वेतन आयोग का गठन व वेतन विसंगतियों का निवारण किया जाए। इस प्रस्ताव पर बहस में राजेश शर्मा, इन्द्र सिंह व कृष्ण नैन ने हिस्सा लिया। दूसरा प्रस्ताव जनतांत्रिक एंव राजनीतिक अधिकारों को बहाल किया जाए का प्रस्ताव मास्टर देशराज ने रखा। इस प्रस्ताव पर बहस में बेगराज, रमेश तुषामढ़ व राजेश शर्मा ने भाग लिया। तीसरा प्रस्ताव बिजली संशोधन बिल 2023 को रद्द करने का रखा गया। आज रखे गये सभी छह प्रस्तावों के रखने व बहस के बाद सभी को सदन में वोटिंग करने के लिए रखा गया। सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए।



**फतेहाबाद।** हरियाणा कर्मचारी असेंबली में भाग लेते कर्मचारी।

#### ये बोले कर्मचारी

यह प्रस्ताव रामनिवास ने रखा व इसकी बहस में भूपसिंह भड़ोलावाली, महेंद्र सिंह घोडेला, हरिकिशन कंबोज एवं भोला सिंह ने समर्थन करते हुए बहस में हिस्सा लिया। अगला प्रस्ताव राजेश सोनी ने समावेशी विकास और सामाजिक न्याय दिलवाने संबंधित रखा गया। इस प्रस्ताव पर समर्थन करते हुए बहस में कृष्ण नैन, राजपाल मित्ताथल व बेगराज ने हिस्सा लिया। पांचवां प्रस्ताव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने का हरपाल हुड्डा ने रखा। इसकी बहस में देशराज माचरा, अजीत शास्त्री व कृष्ण नैन ने हिस्सा लिया। अंतिम प्रस्ताव बेगराज ने रोड ट्रांसपोर्ट विधेयक 2019 और सार्वजनिक परिवहन सेवा का रखा गया।

## प्रवीण को 18 लाख रुपये का पैकेज मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

डबवाली इलाके के सरकारी स्कूलों में प?ने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही सुपर-50 कक्षा में प?कर आईआईटीयन बने गांव मुन्नावाली के छात्र प्रवीण का 18 लाख रुपए वार्षिक के बड़े पैकेज में टेस्ला कंपनी में चयन हुआ है। प्रवीण की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ का आभार जताने के लिए प्रवीण के माता-पिता सरोज देवी व श्योपत राम डबवाली में आए व बीएड कॉलेज में चल रही सुपर-50 कक्षा में पहुंचकर वहां पढ़ रहे बच्चों व उपस्थित संघ सदस्यों तथा अध्यापकों को मिठाई खिलाई। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के साथ-साथ सुपर-50 कक्षा में प्रवीण को पढ़ाने वाले अध्यापकों कुलदीप सिंह, ज्ञान चंद, अंकुश बिश्नोई, राजेश बांसल व श्रुति का भी धन्यवाद किया। श्योपत राम ने कहा कि प्रवीण की इस सफलता में वरिष्ठ नागरिक संघ की सुपर-50 कक्षा का अहम योगदान है। इसमें चयनित होने के बाद ही प्रवीण का आगे ब?ने का मार्ग प्रशस्त हुआ एवं वह अपनी मंजिल तक पहुंच पाया। इस अवसर पर संघ के प्रधान सुरेंद्र मित्तल व सचिव शशिकांत शर्मा ने बताया कि सुपर-50 में कोचिंग करने के बाद वर्ष 2019 में प्रवीण का चयन प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुपर-100 में आईआईटी की निशुल्क कोचिंग के लिए चयन हो गया।



**सिरसा।** सुपर 50 आयोजन में उपस्थित विद्यार्थी।

#### टेस्ला में मिली जॉब

प्रवीण ने वहां भी प?ाई में खूब मेहनत की जिससे आईआईटी दिल्ली में उसका एडमिशन हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। अब आईआईटी संस्थान से कोर्स करने के बाद टेस्ला कंपनी में 18 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर उसे जॉब मिल गई है जोकि वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के साथ-साथ पूरे डबवाली इलाके के लिए गर्व की बात है। आईआईटी संस्थान तक पहुंच कर ब? पैकेज में जॉब पाने वाला प्रवीण डबवाली इलाके के किसी सरकारी स्कूल का पहला विद्यार्थी है। संघ के वरिष्ठ सदस्य परमजीत कोचर ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को कोचिंग देकर निखारा जा रहा है।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार नागपुर पुलिस चौकी की टीम एसआई रणजीत सिंह के नेतृत्व में नशीले पदाथारे्ं की तस्करी रोकने को लेकर गश्त के दौरान गांव नागपुर से रतिया की तरफ जा रही थी। जैसे ही टीम गांव निमड़ी मोड पर पहुंची तो वहां खड़ा एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और खेतों में छिपने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने उक्त युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सोनू सिंह निवासी रत्ताखेड़ा बताया। पुलिस ने जब उससे छिपने का कारण पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 10.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना सदर रतिया में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## नाथूसरी चौपटा में संत सम्मेलन का आयोजन



**सिरसा।** संत सम्मेलन में आए हुए संतो को सम्मानित करते हुए महाराज पूर्ण दास व कृष्णनंबरदार।

- देश के कोने-कोने से आए संतों को समिति ने किया सम्मानित, भंडारा लगाकर प्रसाद वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौपटा

चौपटा के संस्थापक स्वामी हरिश्चंद्र महाराज की 21वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को शिव मंदिर धर्मशाला नाथूसरी चोपटा में संत सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के कोने-कोने हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश आदि रा'यों से आए संतों व क्षेत्रवासियों ने स्वामी संत हरीशचंद्र दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जागरण, हवन व भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

संत पूर्णदास ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए समिति सदस्य पवन सुथार व पुजारी शिवम मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष चौपटा के संस्थापक हरिश्चंद्र महाराज सूरदास की पुण्यतिथि पर संत समागम का आयोजन किया जाता है ।

इसी कड़ी में इस बार भी जागरण, संत सम्मेलन व हवन का आयोजन किया गया । भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि मुकेश सहारण, पवन सुथार, भारत बंसल, पवन सहारण, राकु, तनुज गर्ग आदि युवाओं ने कार्यक्त्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

### एमपी रोही में समाजसेवी ने छात्राओं को वितरित किए ब्लेजर

# सफलता के लिए लगन व कड़ी मेहनत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एमपी रोही में ब्लेजर वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य भगवान दत्त की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विनोद तायल तथा विशेष आमंत्रित अतिथि के तौर पर शिक्षाविद् सर्वजीत मान मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी विनोद तायल ने अपनी ओर से 62 छात्राओं को ब्लेजर भेंट किए। जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग, विनोद तायल, सर्वजीत मान व प्राचार्य भगवान दत्त द्वारा यह ब्लेजर वितरित किए गए। इसके अलावा 15 प्रतिभावान छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर दास, पूर्व सरपंच गुरदयाल सिंह, एसएमसी प्रधान कालूराम भी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** एमपी रोही विद्यालय में छात्राओं को ब्लेजर भेंट करते अतिथिगण।

#### छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही : सिहाग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने कहा कि आज छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए गरीब-अमीर की अवस्था मायने नहीं रखती, सफलता के लिए सच्ची लगन, कड़ी मेहनत व जुनून की आवश्यकता होती है। हम अपना लक्ष्य निर्धारित करें और संघर्ष करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। डीईओ ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में जुनूनी लोग अविश्वनीय सफलता हासिल कर लेते हैं तथा समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनते हैं। उन्होंने समाजसेवी विनोद तायल द्वारा किए गए इस कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की और उनका धन्यवाद किया। अपने संबोधन में विनोद तायल ने कहा कि समय ने मुझे यह अवसर दिया है कि मैं किसी के काम आ सकूं। उन्हें जरूरतमंद विद्यार्थियों का सहयोग करने से खुशी मिलती है। उनकी इच्छा है कि कोई विद्यार्थी खासकर छात्राओं का असुविधा के कारण भविष्य बाधित ना हो। शिक्षाविद् सर्वजीत मान ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे बताया। प्राचार्य भगवान दत्त ने बच्चों को सफलता के टिप्स दिए और आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में डीईओ दयानंद सिहाग ने विनोद तायल व सर्वजीत मान को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राध्यापिका आशा रानी, दीपिका सेठी, शशिबाला, कमलेश रानी, सुनीता रानी, रणबीर सिंह व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005